## प्रतिबन्ध एवं शर्ते

**टिप्पणीः– निविदादाताओं को इन शर्तो को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिये तथा अपनी निविदाये भेजते समय इन्हें पूर्ण रूप से स्वीकार किया जाना चाहिये ।**

1. निविदा भरने की प्रक्रियाः– परिशिष्ठ अ एवं ब तथा निविदा की विस्तृत शर्तो के अनुसार भरी जावें।
2. निविदाओ को निविदा सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार उचित रूप से मुहर बन्द लिफाफे में बन्द करना चाहिये तथा लिफाफे पर "व्यावसायिक विशेषज्ञों की सेवायें हेतु निविदा" अंकित करना होगा।
3. निविदादाता द्वारा दरें उचित स्थान पर अंकों एवं शब्दो दोनो में लिखी जानी चाहिये। **निविदा के प्रत्येक पृष्ठ एवं कांट छांट पर निविदादाता के पूर्ण हस्ताक्षर किये जाने अनिवार्य है।** शब्दो एवं अंको में अंकित दर में अन्तर होने पर शब्दो में अंकित दर को अधिकृत मानकर गणना में शामिल किया जायेगा। निविदा प्रपत्र बालपेन या टंकण से भरा जावे।
4. ऐजेन्सी/संस्था/फर्म द्वारा प्रस्तुत निविदाओ पर क्रय समिति द्वारा विचार किया जावेगा। इस संबंध में क्रय समिति का निर्णय अंतिम होगा।
5. संस्था/ऐजेन्सी द्वारा उपलब्ध करवायें जाने वाले व्यावसायिक विशेषज्ञों की सख्यां एवं योग्यता निम्नानुसार होगी।

| क्र. सं. | व्यावसायिक विशेषज्ञ | अनुमानित संख्या | विजिट | योग्यतायें | अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क्लिनिकल साइकोलोजिस्ट (Clinical Psychologist | 2 | 2 घन्टे | मनोविज्ञान में एम.ए. (विषय)/एम.फिल/पी.एच.डी. एवं भारतीय पुनर्वास परिषद (R.C.I.) से रजिस्टर्ड | दो वर्ष |
| 2 | स्पेशल एजूकेटर (Special Educator) | 15 (10 महिला एवं 5 पुरूष) | 6 घन्टे | डिप्लोमा इन स्पेशल एजूकेशन/ बी.एड. इन स्पेशल एजूकेशन एवं भारतीय पुनर्वास परिषद (R.C.I.) से रजिस्टर्ड (Mental Retardation) | दो वर्ष |

6. उक्त में से 4 पुरूष व 4 महिलायें विशेष शिक्षको द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ, जयपुर में एस.बी.सिविल रिट पीटिशन संख्या 8024/2013, युगल किशोर लखेरा व अन्य बनाम सरकार आदि दायर कर रखी है। माननीय न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश दिनांक 18.7. 2014 की पालना में पिटीशनरर्स को निविदादाता द्वारा विजिट बेसिस पर रखे जाने में वरीयता प्रदान की जायेगी। यह निविदा माननीय उच्च न्यायालय जयपुर में विचाराधीन एस.बी. सिविल रिट पिटीशन संख्या 8024/2013 युगल किशोर लखेरा व अन्य बनाम सरकार आदि में पारित किये जाने वाले निर्णय के अध्यधीन होगी।
7. क्लिनिकल साईक्लोजिस्टः– आवासीय विमंदित बालक/बालिकाओं का आई.क्यु. टैस्ट संबंधित समस्त कार्य एवं व्यवहार सुधार कार्यक्रम इत्यादि कार्य किया जाना होगा तथा स्पेशल एजूकेटर(विशेष शिक्षक) को आवासियों का मूल्यांकन करना, प्रोग्राम सम्पादित, क्रियान्वयन करना और आवासियों का शैक्षणिक रिकॉर्ड संधारण आदि कार्य एवं अधीक्षक द्वारा समय समय पर दिये गये निर्देशानुसार करना इत्यादि कार्य करना है।
8. फर्म द्वारा उपलब्ध करायें गये व्यावसायिक विशेषज्ञो का रविवार सहित सभी राजपत्रित अवकाशो के दिन विजिट नही होगा। किन्तु आवश्यक परिस्थितियों मे अधीक्षक द्वारा आदेश दिये जाने पर इन दिवस में भी व्यावसायिक विशेषज्ञों को विजिट पर बुलाया जा सकेगा।
9. संस्था में आवासित बालक/ बालिकाओं की संख्या के आधार पर व्यावसायिक विशेषज्ञों की विजिट की संख्या कम व ज्यादा की जा सकती है।
10. फर्म द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले विशेषज्ञ अपराधिक /नैतिक पतन के दोषी नही होने चाहिए।
11. निविदादाता को अनुमानित लागत राशि रू **1500000/–** का 2 प्रतिशत राशि रू. **30000/–** बयाना राशि (अर्नेस्टमनी) बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चैक के द्वारा अधीक्षक मानसिक विमंदित महिला एवं बाल कल्याण पुनर्वास गृह के नाम निविदा पत्र के साथ जमा करानी होगी। बिना बयाना राशि जमा कराये निविदा पर विचार नही किया जावेगा ।
12. **आयकर स्थायी खाता संख्य (पेन कार्ड) का उल्लेख किया जाना आवश्यक है। श्रम विभाग के रजिस्ट्रीकरण के प्रमाण पत्र की प्रति तथा सर्विस टैक्स का पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। उसके बिना निविदा पर विचार नही किया जायेगा। सर्विस टैक्स के अन्तर्गत पंजीयन नही होने पर निविदाओ पर विचार नही किया जायेगा।**

